हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 13 मार्च 2025, समय 1305 (5 मिनट)

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हरियाणा में स्थानीय निकाय चुनावों में बीजेपी की ऐतिहासिक जीत के लिए राज्य की जनता का आभार व्यक्त किया है। सोशल मीडिया पर पोस्ट में मोदी ने कहा कि यह जीत राज्य में नायब सिंह सैनी के नेतृत्व वाली सरकार के विकास कार्यों में लोगों के अटूट विश्वास की अभिव्यक्ति है। श्री मोदी ने राज्य के लोगों को आश्वासन दिया कि सरकार आशाओं और आकांक्षाओं को पूरा करने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी।

****

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा है कि हरियाणा प्रदेश में अगर कहीं भी किसी भी गांव की शामलात देह भूमि वक्फ बोर्ड के नाम की गई है तो उसकी पूरी जांच करवाई जाएगी।

कल सदन में यह घोषणा करते हुए उन्होंने कहा–

उन्होंने कहा कि रोहतक-गोहाना मार्ग पर स्थित पीर बोधी मामले में जाँच के लिए रोहतक मंडलायुक्त के तत्वावधान में एक समिति का गठन किया जायेगा। करनाल मंडलायुक्त और जिला उपायुक्त रोहतक इस समिति के सदस्य होंगे। उन्होंने कहा कि यह समिति पीर बोधी मुद्दे से संबंधित सारे तथ्य और रिकॉर्ड की गहनता से जांच करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि पीर बोधी मामले में अब तक की जाँच में जो तथ्य सामने आये हैं इसमें खुलासा हुआ कि 1967-68 में यह भूमि शामलात देह भूमि थी। वर्ष 1990 में यह भूमि भारत सरकार द्वारा पंजाब वक़्फ़ बोर्ड के नाम अधिसूचित कर दी गई। तत्पश्चात, यह भूमि कब्रिस्तान के रूप में दर्ज की गई।मुख्यमंत्री ने कहा कि शामलात देह भूमि को वक्फ बोर्ड को कैसे स्थानांतरित किया गया ये बड़ा गंभीर विषय है। इसके पीछे कौन सी ताकतें थीं और कौन लोग थे और उन्होंने कैसे इसको वक्फ बोर्ड के नाम कर दिया। श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश सरकार जोहड़, तालाब और जलाशय के सरंक्षण के लिए संकल्पबद्ध है। इसके लिए प्रदेश सरकार ने हरियाणा ग्राम शामलात भूमि (विनियमन) अधिनियम 2024 में संशोधन किया। इसमें शामलात देह भूमि पर 500 गज तक मकान बना कर रह रहे लोगों को मालिकाना हक़ दिया।

लेकिन इसमें यह कहा गया की अगर वहां पर जोहड़ , तालाब या जलाशय है, तो मकान नहीं बनाया जा सकेगा।

****

हरियाणा के उद्योग और वाणिज्य मंत्री विपुल गोयल ने आज पंचकूला के अग्रवाल भवन में आयोजित होली मिलन समारोह में शिरकत की। समारोह में गीतामनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी भी शामिल हुए।इस अवसर पर पत्रकारों से बातचीत में श्री गोयल ने प्रदेशवासियों को होली के त्यौहार की बधाई दी।कल भारतीय जनता पार्टी को नगर निकाय चुनाव में मिली बड़ी जीत को लेकर उन्होंने कहा कि इस बार की होली राजनीतिक तौर भी अविस्मरणीय है।

उन्होंने बीजेपी के उम्मीदवारों को चुनने के लिए जनता का आभार जताया।

****

अखिल भारतीय कांग्रेस समिति की महासचिव और लोकसभा सांसद कुमारी सैलजा ने सिरसा में दो अवर गामी पुल व एक ऊपर गामी पुल बनाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि आबादी में स्थित सभी रेलवे क्रॉसिंग पर पुल बनाए जाने की जरूरत है क्योंकि सिरसा शहर में रेलवे फाटक बंद होने पर ट्रैफिक समस्या बढ़ जाती है। कुमारी सैलजा ने कहा कि शहर में दिन भर लग रहे जाम से निजात दिलाने के लिए कोर्ट रोड स्थित रेलवे फाटक व कंगनपुर रोड स्थित रेलवे फाटक पर अवर गामी पुल व चतरगढ़ी पट्टी रेलवे फाटक पर ऊपर गामी पुल बनाए जाने की सख्त जरूरत है।